From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स

हिंदी

साप्ताहिक शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 27 | Saturday, 30th September to 6th October 2023 | Price Rs 3

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

# नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी बप्पा को अंतिम विदाई




**होम टाइम्स टीम**

मुंबई सहित देश भर में ढोल ताशा और अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ १० दिवसीय गणेश उत्सव का समापन हुआ। गणेश भक्तों ने पंडाल में विराजमान हुए गणपति बप्पा को नम आखों से विदाई दी। इस दौरान परिसर में भारी पुलिस बंदोबस्त की तैनाती भी की गई थी।

मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाने वाला १० दिवसीय गणेश उत्सव के आखिरी दिन गणपति बप्पा के विसर्जन ढोल ताशा के साथ किया गया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के साथ बप्पा की विदाई करते दिख रहे थे। (शेष पेज ३,४,५ पर)





Lions International
LEO CLUB OF GHATKOPAR
Leo Multiple 3231 | Leo District 3231 A2 | ZONE 2| LY 2023-24 | Mumbai
Sponsored by : Lions Club of Ghatkopar
GARBA
Battle
GARBA FOR A CAUSE OF CHILDHOOD CANCER
AGE GROUP
BELOW 18 YEARS
18-30 YEARS | 30+ YEARS
SEPTEMBER
30
6PM ONWARDS
REGISTRATION FEES
300/- PER PERSON
10% OFF MIN.10 PPL
15% OFF MIN.20 PPL
VENUE : INTERLINK BANQUETS, VIDYAVIHAR
HAMPERS WORTH 2000/- & MORE
FREE RAASRANG SEASON PASSES
TROPHY, VOUCHERS, CERTIFICATES
PARTICIPANTS WILL BE APPRECIATED TOO
SCAN TO REGISTER
SCAN TO PAY
ON THE SPOT REGISTRATION AVAILABLE
90823 06472 | 99875 19724 | 81693 91099
NON STOP GARBA ON DJ | FOOD STALLS AVAILABLE ON PAY BASIS
JVM SPACES
a mehta group venture
TITLE SPONSOR
INFANT & KIDS PARTNER
Alaana
SKIN CARE PARTNER
JEWELLERY PARTNER
RELY NATUROPATHY
NATUROPATHY PARTNER
NEXUS
HOME AUTOMATION PARTNER
FASHION PARTNER
VERGENA
LINGERIE & NIGHTWEAR PARTNER
REFFLECTION
SALON PARTNER
DESIGNING PARTNER
GIFTING PARTNER
VOG
વોઇસ ઓફ ઘાટકોપર
MEDIA PARTNER
HOMEDECOR PARTNER
Smile Charities
CHARITY PARTNER
FoodSpot
FOOD PARTNER
MEPASS
TICKETING PARTNER
BISTRO & CAFE PARTNER
Sahiyaari
COMMUNITY PARTNER
The Fitbee
FITNESS PARTNER

# नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी बप्पा को अंतिम विदाई







भोईर तालाब

मुलुंड में बनाए गए कृत्रिम तालाबों में बप्पा के विसर्जन से पहले श्रद्धालु उनकी आरती करते नजर आए। इस दौरान छोटे बच्चों में भी उत्साह देखते बन रहा था।

मुलुंड टी वार्ड द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार डेढ़ दिन के विसर्जन के अंतर्गत मुलुंड में कुल ३६७२ मूर्तियों को विसर्जित किया गया।

मुलुंड के मोरया तालाब में १ हजार ३५१ मूर्तियों को विसर्जित किया गया। तो वही मुलुंड पूर्व के गणेश घाट तालाब में ५४३ गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया है। मुलुंड पूर्व हरिओम नगर स्थित भोईर तालाब में २०४ मूर्तियां विसर्जित की गई। मुलुंड पश्चिम स्वप्नानगरी स्थित कृत्रिम तालाब में ७४७ जबकि कालिदास में बने कृत्रिम तालाब में विघ्नहर्ता के ४२२ मूर्तियों को विसर्जित किया गया है। मुलुंड पूर्व के वीर सावरकर कृत्रिम तालाब में बाबा की ३०० मूर्तियां विसर्जित की गई। मुलुंड पश्चिम बारकू पाटील मैदान स्थित कृत्रिम तालाब में कुल १०४ गणपति बप्पा की मूर्तियां विसर्जित की गई है।




मोरया तालाब

Volume : 8 | Issue : 27 होम टाइम्स

# नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी बप्पा को अंतिम विदाई





**वहीं ५ वें दिन मुलुंड** के मोरिया तालाब में १ हजार २२५ घरगुती गणपती, ८६ गौरी और ३१ सार्वजनिक गणेश पंडालों की मूर्तियों का विसर्जन किया गया जबकि मुलुंड के मीठा घर तालाब में सार्वजनिक गणेश पंडाल की १२ मूर्ति, ४६ देवी गौरी की मूर्तियां और ५४१ घरगुती गणपतिओं को विसर्जित किया गया। मुलुंड पूर्व के वीर सावरकर कृत्रिम तालाब पर २६२ घरगुती, ४२ गौरी और २ सार्वजनिक गणेश पंडालों के बप्पा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। इसी के साथ-साथ हरि ओम नगर स्थित भोईर तालाब में १९५ घरगुती मूर्तियां जबकि सार्वजनिक पंडाल की एक मूर्ति और २१ गौरी गणपति का विसर्जन किया गया।

मुलुंड पश्चिम स्वप्न नगरी में बने कृत्रिम तालाब पर ३० गौरी की मूर्तियां, १३ सार्वजनिक मूर्तिया और ६९६ घरगुती गणपति का विसर्जन पांचवे दिन तक किया। कालिदास स्थित बने कृत्रिम तालाब पर २९१ घरगुती,१३ गौरी और ५ सार्वजनिक गणेश पंडालों का विसर्जन किया गया। मुलुंड एसीसी रोड पर बने बारकु पाटिल उद्यान कृत्रिम तालाब में १२३ घरगुती और १६ गौरी की मूर्तियां और एक मूर्ति सार्वजनिक पंडाल की विसर्जित की गई।



**७वें दिन** मुलुंड पूर्व स्थित मोरया तालाब में २५७ घरगुती मूर्ति जबकि ३३ सार्वजनिक गणेश पंडाल की मूर्ति विसर्जित की गई। इसके अलावा मीठागर तालाब में २३ घरगुती मूर्ति और ३ सार्वजनिक गणेश पंडाल की मूर्ति विसर्जित की गई। मुलुंड पूर्व स्थित भोइर तालाब में १५ घरगुती मूर्ति विसर्जित की गई और स्वप्न नगरी तालाब में १५३ घरगुती मूर्तियां जबकि सार्वजनिक गणेश पंडालों की तीन मूर्तिया विसर्जित की गई। मुलुंड पश्चिम कालिदास में बनाए गए कृत्रिम तालाब में ३७ घरगुती मूर्तियां और दो सार्वजनिक गणेश पंडाल की मूर्तियां विसर्जित की गई। इतना ही नहीं एसीसी रोड पर बनाए गए कृत्रिम तालाब में २३ घरगुती मूर्ति और एक सार्वजनिक गणेश पंडाल की मूर्ति विसर्जित की गई। वीर सरकार कृत्रिम तालाब में १३ घरगुती मूर्तिया विसर्जित की गई।

**गणेश उत्सव पर्व के आखिरी दिन यानी दसवें दिन** मुलुंड के मोरया तालाब में सार्वजनिक गणेश पंडालों की १९९ मूर्तियां जबकि ७०४ घरगुती मूर्तियां विसर्जित की गई जबकि मीठागर तालाब में ८ घरगुती मूर्तियां और सार्वजनिक गणेश पंडालों की ९८ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इसके अलावा भोईर तालाब में ६ घरेलू मूर्तियां और सार्वजनिक गणेश पंडालों की ८४ मूर्तियां विसर्जित की गई। वीर सावरकर कृत्रिम तालाब में भी यही नजारा रहा है यहां कुल मिलाकर ६० मूर्तियां विसर्जित की गई जिनमे ५९ घरगुती मूर्ति भी शामिल थी।

मुलुंड पश्चिम कालिदास में बनाए गए कृत्रिम तालाब में ९६ घरगुती मूर्तियां विसर्जित की गई और १ सार्वजनिक गणेश पंडाल की मूर्ति का विसर्जन किया गया जबकि एसीसी रोड पर कुल ६० मूर्तियां विसर्जित की गई। मुलुंड पश्चिम स्वप्न नगरी में बनाए गए कृत्रिम तालाब में सावर्जनिक गणेश पंडालों की ९ मूर्तियां और २४७ घरगुती मूर्तियां विसर्जित की गई।





# नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी बप्पा को अंतिम विदाई

"सभी मुलुंडकरो को सुख और शांति मिले, मेरी बप्पा से यही प्रार्थना है। गणराया की विदाई के समय सबके आखों में आंसू होते है। और अगले साल बप्पा के जल्दी आने की प्रार्थना श्रद्धालुओं की ओर से की जाती है।

– मनोज कोटक, सांसद

"हर वर्ष अनन्त चतुर्दशी के दिन पर भक्तों के लिए वडा पाव वितरण का आयोजन किया जाता है। आने वाले सभी मंडलों का फूलों से स्वागत किया जाता है। यह पर्व राज्य का सबसे अहम पर्व माना जाता है। हर साल लाखों की संख्या में भक्तगण बप्पा की अंतिम विदाई के लिए आते हैं। इन दिनों सब जगह आनंद का माहौल देखा जाता है।
गणपती बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या, गणपती गेले गावाला, चैन पडेना आम्हाला.

– मिहीर कोटेचा, विधायक

"गणपती बाप्पा मोरया पुढच्या वर्षी लवकर या. होम केबल, होम नेट, होम टाइम्स के सभी दर्शकों को खूब खूब शुभकामनाएं। सभी के घर सुख और शांति बनी रहे ऐसी में मनोकामना व्यक्त करती हूं।

– माया कोठारी, समाजसेविका



"श्रद्धालुओं ने १० दिन पहले गणपति बप्पा को विराजमान किया था और अब उनका धूमधाम से विसर्जन किया गया है। मेरी बप्पा से यही प्रार्थना है कि हमारे देश पर कोई मुसीबत ना आए और हिंदुस्तान अखंड बनकर रहे। और भारत का हर एक नागरिक सुखी रहे।

– उत्तम गीते, कॉंग्रेस कार्याध्यक्ष ईशान्य मुंबई

"हम सब जानते हैं कि गणपति बप्पा कोई एक धर्म के नही है। सभी धर्म के नागरिकों का बप्पा पर श्रद्धा होती है। अनंत चतुर्दशी के दिन में सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देता हूं

– नील सोमय्या, पूर्व नगरसेवक



"अनन्त चतुर्दशी की सबको मानपूर्वक शुभेच्छा देता हूं। जो भगवान ने इस दुनिया को बनाया उसी भगवान से यही प्रार्थना है कि सभी को सुख और शांति दे। जब मैं छोटा था तब भारी संख्या में मुलुंड पूर्व में यह उत्सव मनाया जाता था और अब भी वह परंपरा कायम है।

– केदार दिघे, ठाणे जिला प्रमुख, उद्धव बाला साहेब ठाकरे गुट

"मेरी बप्पा से एक ही मांग है कि जाति और धर्म से अलग सभी को सुख और शांति दे। जिससे एकजुटता बनी रहे।

– सत्यवान दळवी, मनसे उपविभाग अध्यक्ष

"अनन्त चतुर्दशी के दिन सभी बप्पा को विदाई देते समय भावुक हो जाते है। सभी की आंखों में अश्रु रहते है। सभी को सुख और शांति दे और हमारे हाथों ऐसी ही उसकी सेवा होती रहे।

– जगदीश शेट्टी, विभाग प्रमुख, शिवसेना

## मुलुंड पूर्व में हुआ बड़ी मूर्तियों का विसर्जन

मुलुंड पूर्व में मोरया झील पर भी एक विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां झील के आसपास क्रेन की व्यवस्था की गई थी। सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल की लंबी गणेश मूर्तियों को क्रेन की मदद से झील में विसर्जित किया गया था। मनपा द्वारा पंडाल से आने वाली बड़ी मूर्तियों के विसर्जन के लिए अलग से व्यवस्था रखी गई थी।

## सादे वेश में भी पुलिस थी तैनात

पूरे पर्व के दौरान हर एक कृत्रिम तालाबों के पास मुंबई महानगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी इसी के साथ-साथ तालाबों के आसपास साफ सफाई भी पूरी तरीके से रखी गई थी। लाइफगार्ड और सीसीटीवी कैमरा और फर्स्ट ऐड की भी सुविधा मुंबई महानगर पालिका को तरफ से की गई थी । मुंबई पुलिस की ओर से भी असामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। सादी वर्दी में भी पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई थी ताकि असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके।

## भक्तों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था

पिछले साल की तुलना में इस वर्ष भी गणेश उत्सव पर्व के आखिरी दिन कई राजनीतिक पार्टियों एवं सामाजिक संस्थाओं की ओर से बप्पा की मूर्तियां विसर्जित करने जा रहे श्रद्धालुओं और नागरिकों के लिए जगह-जगह पर अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इसी के साथ-साथ मुलुंड पश्चिम एलबीएस रोड पर भी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पंडाल देखे गए। जिनमें भारतीय जनता पार्टी, होम केबल, उद्धव बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना और कांग्रेस पार्टी शामिल है। यहां पंडाल बना कर बप्पा को विसर्जित करने जा रहे भक्तजनों पर फूलों का वर्षाव किया गया।







# संपादकीय

हिमांशु कोठारी

# गांधी जयंती-स्वच्छता ही सेवा

हर वर्ष गांधी जयंती २ अक्टूबर को मनाई जाती है, जो कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के प्रतीक के रूप में है। इसका विशेष महत्व है, क्योंकि देश की आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी का अहम योगदान है। ऐसे में इस साल महात्मा गांधी की १५४वीं जयंती 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' अभियान के साथ मनाई जा रही है। यह मेगा स्वच्छता अभियान १ अक्टूबर, २०२३ को सार्वजनिक स्थानों से शुरू किया जाएगा। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण माना था, बल्कि यह भी माना कि यह मानव समाज के नैतिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। वे सफाई को एक प्रकार की सेवा के रूप में देखते थे जो समाज के हित में की जानी चाहिए।

'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' अभियान गांधी जयंती के उपलक्ष्य में यह एक विशाल स्वच्छता अभियान है। यह पहल 'स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा' २०२३ अभियान की एक कड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नागरिकों से १ अक्टूबर को सुबह १० बजे स्वच्छता के लिए १ घंटे के श्रमदान की अपील की है। उन्होंने देश को संबोधित करते हुए कहा है कि, १ अक्टूबर यानी रविवार को सुबह १० बजे स्वच्छता पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। १ अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी अभियान में सभी क्षेत्रों के नागरिकों से बाजार, रेलवे ट्रैक, जल निकायों, पर्यटन स्थलों, सरकारी कार्यालयों व धार्मिक स्थानों आदि जैसे सार्वजनिक स्थानों की वास्तविक सफाई गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान किया गया है। प्रत्येक शहर, ग्राम पंचायत, सरकार के सभी क्षेत्रों जैसे नागरिक उड्डयन, रेलवे, सूचना एवं प्रौद्योगिकी आदि और सार्वजनिक संस्थान नागरिकों के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम कर रहे हैं। सिर्फ बड़े ही नहीं स्कूली बच्चे भी इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। स्कूलों में बच्चों को इस अभियान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। गाँधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा का महत्वपूर्ण संदेश है। यह संदेश महात्मा गाँधी के विचारों और मूल्यों को बढ़ावा देने के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिन्होंने सफाई और स्वच्छता को एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया था।

गाँधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा का संदेश हमें याद दिलाता है कि हमें अपने आस-पास की जगहों को स्वच्छ और हिस्सेदार बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह अभियान नागरिकों के साथ मिलकर सामूहिक सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने और एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में हमारे संयमित कदम होने का भी प्रतीक है।

देश की आज जो परिस्थिति है उसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी की यह पहल काफी सराहनीय है। देश में बढ़ते अस्वच्छता को दूर करने के लिए और देश के शहरों को नंबर वन बनाने के लिए स्वच्छता ही सेवा मुहीम नागरिकों को प्रेरित कर रही है। स्वच्छता ही सेवा मुहीम से अस्वच्छता को दूर किया जा सकता है, जिससे जनता के स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। कचरे का सही प्रबंधन और साफ पानी की आवश्यकता की देखभाल से जनता के लिए स्वस्थ और बेहतर माहौल बनाया जा सकता है। स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से कचरे के सही प्रबंधन और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का प्रयास किया जा सकता है, जिससे पर्यावरण को बचाने में मदद मिल सकती है। स्वच्छता ही सेवा मुहिम द्वारा शिक्षा के संदेश को प्रमोट किया जा सकता है, जिससे लोगों के बीच स्वच्छता के महत्व की जागरूकता बढ़ सकती है। महात्मा गांधी की १५४वीं जयंती के अवसर पर यह अभियान उन्हें श्रद्धांजलि देने का काम करेगा। इसके तहत देश के सभी लोग एक साथ जुड़कर एक ही समय पर स्वच्छता के लिए श्रमदान कर हमारे राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे।

# मुलुंड के सार्वजनिक गणेश पंडालों में दर्शन लेने पहुंची राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्षा सुप्रिया सुले



■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड के सार्वजनिक गणेश पंडाल में बाप्पा के दर्शन लेने के लिए मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद सुप्रिया सुले ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस दौरान मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भी उन्होंने हिस्सा लिया।

आगामी चुनाव से पहले गणेश उत्सव के पर्व के दौरान एक तरफ जहां पंडालों के बाहर राजनीतिक पार्टियों के बैनर लगाए जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ सभी मंडलों में जाकर जन प्रतिनिधियों की ओर से बप्पा के दर्शन लिए जा रहे थे और नागरिकों से मुलाकात की जा रही थी। इसी बीच मंगलवार को मुलुंड में भी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्षा सुप्रिया सुले ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। उन्होंने मुलुंड पूर्व के म्हाडा चा राजा और चिंतामणि राव देशमुख उद्यान स्थित बाल मित्र मंडल सार्वजनिक गणेश पंडाल में बप्पा के दर्शन लिए। इस दौरान मंडल की तरफ से आयोजित कार्यक्रमों में भी सांसद शामिल हुई थी। इतना ही नहीं आगामी दिनों में होने वाले मनपा चुनाव पर भी तंज करते हुए २०२५ में यह चुनाव होंगे ऐसी टिप्पणी की गई।



Club ID #131028-026139 | District 3231 A2 | Region III | Zone II | - LY 2023-24

# LION LADY AUXILIARY MULUND

Chartered as LION CLUB OF BOMBAY MULUND, Chartered on: 15-03-1964

## CELEBRATING 60 YEARS OF LEGACY

## WITH 116 PROJECTS

# SERVICE WEEK

## 1st - 8th OCTOBER 2023



**LL Maya Kothari**
October Service Week Chairperson



**LL Jyotsna Majethia**
October Service Week Chairperson



**LL Aarjuli Chheda**
Club Secretary



**LL Shushma Thakker**
President



**LL Hiran Kothari**
Club Treasurer

## " SERVICE BY HEART "

| TIME | PROJECT DETAIL | DONOR | VENUE | BENEFICARY |
|---|---|---|---|---|
| **SUNDAY, 1st October 2023** | | | | |
| 8:30AM Onwards | DISTRIBUTION OF ANAJ TO 100 FAMILY | LL JYOTSNA MEJETHIA | LIONS CLUB OF MULUND CHIEF GUEST: MAYUR LAKHANI | 300 |
| | DISTRIBUTION OF ANAJ TO 25 HANDICAPPED FAMILY | LL JYOTIBEN SHAH | | 75 |
| | DISTRIBUTION OF ANAJ TO 10 DIFFERENTLY ABLED | LL SHEEL ARORA | | 10 |
| | **DONATION FOR BRIGHT FUTURE** | | | |
| | COLLEGE FEES | MRS.ALKA THAKKER | | 1 |
| | COLLEGE FEES | LL SHILPA SHAH | | 2 |
| | **EMPOWERING HEALTH** | | | |
| | DIALYZERS FOR KIDNEY PATIENTS | LLA MEMBERS | | 40 |
| | MEDICAL AID TO DIALYSIS PATIENT | LL BINA KHONA | | 1 |
| | MEDICAL AID TO CANCER PATIENT | LL BINA KHONA | | 1 |
| | DONATION OF WHEEL CHAIR | LL ANURADHA GOYAL | | 1 |
| | DISTRIBUTION OF HYGIENIC KIT | LL HELENA VIRANI | | 25 |
| | **WOMAN EMPOWERMENT** | | | |
| | DONATION OF SEWING MACHINES | LL DIPTI JOBANPUTRA | | 2 |
| | | LL KASHMIRA PATEL | | 1 |
| | | LL KASTUR KARANI | | 1 |
| | DONATION OF BIDDING MACHINE | LL MINAL SHAH | | |
| L | | | | |
| | **MEDICAL CAMP** | | | |
| | DIABETES CAMP FOR SENIOR CITIZENS | LL MAYA KOTHARI | TIRUMALA HABTIATS CHIEF GUEST: PRIYDEV SHRIMANGALAM | AT LARGE |

| TIME | PROJECT DETAIL | DONOR | VENUE | BENEFICARY |
|---|---|---|---|---|
| 10:30AM Onwards | EYE CHECK UP CAMP FOR MAIDS & STAFF | LL MAYA KOTHARI | TIRUMALA HABTIATS CHIEF GUEST: JIGNESH DOSHI | AT LARGE |
| | FREE DISTRIBUTION OF SPECTACLES | LL MAYA KOTHARI | TIRUMALA HABTIATS | 100 |
| | FOOD PACKET DISTRIBUTION TO MAIDS | LL MAYA KOTHARI | TIRUMALA HABTIATS | 100 |
| | | | | |
| | DONATION OF 180 KG RICE TO OLD AGE HOME | LION GAURAV THAKKAR | BANYAN TREE , CHANDAN BAUG ROAD,MULUND WEST | 25 |
| | FEEDING OF STRAY DOGS | LL MAYA KOTHARI | DEVIDAYAL ROAD | |
| | MEALS FOR SLUM CHILDREN | LL AARTI DOSHI | NIRMAL JYOT FOUNDATION, LBS MARG | 100 |
| | | | | |
| **MONDAY, 2nd October 2023** | | | | |
| 8:30AM OnWards | LIONS CLUB RALLY | | LIONS CLUB OF MULUND | |
| | | | | |
| | **SILVER SUPPORT** | | | |
| 12:00PM Onwards | SENIOR CITIZEN - DIAPERS DISTRIBUTION | LL SARITA AGGARWAL | NITI FOUNDATION OLD AGE HOME YEOOR CHIEF GUEST: LION ANAND AGARWAL | 20 |
| | DONATION OF BATHROOM, CLEANING SUPPLIES | | | |
| | DONATION OF HYGIENE ITEMS | | | |
| | DONATION OF GROCERIES - 10KG DAL & 15 LITRES OIL | | | |
| | FULL DAY MEAL TO SENIOR CITIZEN | | | |
| | | | | |
| 1:00PM Onwards | COW FEEDING AT GAUSHALA | LLA MEMBERS | YEEOR VILLAGE | AT LARGE |
| | | | | |
| 04:30PM Onwards | BLANKETS DISTRIBUTION | LL MAYA KOTHARI | LANDMARK BUILDING | 100 |
| | MEAL DISTRIBUTION | | | |
| | | | | |
| | ANIMAL WELFARE | | | |

| TIME | PROJECT DETAIL | DONOR | VENUE | BENEFICARY |
|---|---|---|---|---|
| 05:30PM Onwards | DONATION OF RICE & MEDICINE FOR STRAY DOGS | LL MAYA KOTHARI, LL VASANTI LODAYA , LL PRITI KOTAK | UTKARSH FOUNDATION | |
| 07:00PM Onwards | FEEDING STRAY DOGS | LL MAYA KOTHARI | DEVIDAYAL ROAD | |
| | FITTING DOGS WITH RADIUM COLLAR | LL MAYA KOTHARI | TIRUMALA HABITATS | |
| | MEAL TO SLUM CHILDREN | LL MONA SHAH & LLMEENA KOTHARI | NIRMAL JYOT FOUNDATION, LBS MARG | 250 |
| **TUESDAY, 3rd October 2023** | | | | |
| LL GEETA BHINDE | DONATION OF WATER COOLER | LL NIKITA MANISH SHAH | VEER SAVARKAR HOSPITAL, MULUND EAST | AT LARGE |
| | DONATION G UD CHANA TO PREGNANTWOMEN | LL SHILPA BHANSALI | | 90 |
| 12:00PM Onwards | DONATION OF CLOTHES TO NEW BORN(WITH LIONS) PERMANENT PROJECT | LL SHEEL ARORA | | 30 |
| | DONATION OF BABY QUILT PERMANENT PROJECT | LL DAKSHA SHAH, LLSUNITA DESAI , LLRASILA GOR,LL ASHA SARDANA, LLMAYA KOTHARI, LLSUSHMA THAKKER | M.G.HOSPITAL MULUNDWEST | |
| | DONATION OF NEWBORN BABYCLOTHES WITH LIONS | LL SHEEL ARORA | | |
| | **STUDENT EMPOWERMENT** | | | |
| | DONATION OF SPORTS ITEMS | LL DIPTI JOBANPUTRA | GV SCHEME GUJRATI SCHOOL MULUND EAST | 120 |
| | DONATION OF COMPUTER | | | |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | | | |
| | DONATION OF WORKBOOKS | LL RAJUL CHHEDA | | |
| | BLUETOOTH SPEAKER AND MIKE | LL NEELAM RAJDE | | |
| | DESK BENCHES | LL ALKA BHINDE | MITHAGAR MPS SCHOOL, MULUND EAST | 13 |
| | | LL SHARDA RUNGTA,JIGNA SHAH,JYOTI BEN SHAH | | 7 |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | LL JYOTIBEN SHAH | | 50 |
| | FULL SIZE SHATRANJI -2 | LL SUSHMA AGARWAL | | AT LARGE |
| | DONATION OF 4 FANS,10 TUBELIGHT | LL VATSALA PADMASHALI | | AT LARGE |
| | BLUE TOOTH SPEAKER & MIKE | LL NEELAM RAJDE | | AT LARGE |
| | DONATION OF 2 SHATRANJI | LL GEETA BHINDE | GAVANPADA MARATHI SCHOOL | AT LARGE |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | LLGEETA BHINDE | | |
| 04:00PM Onwards | DONATION OF LONG BOOK, 30 DOZEN | LL SUNITA DESAI , LL MRINALINI PATIL, LL SHARDHA JOSHI, LL RAJUL KUWADIA, LL GEETA BINDE | NIRMAL JYOT FOUNDATION, LBS MARG | 65 |
| | STATIONARY & STEEL GLASSES | | | |
| | MEALS FOR KIDS | LION MAYUR LAKHANI | PANDURANG SCHOOL | 250 |
| | | LL JASMINE CHHEDA | AXF FOUNDATION | |
| | LOLLYPOPS FOR SCHOOL CHILDREN | LL MAYA KOTHARI | IN ALL SCHOOLS | |
| | FEEDING STRAY DOGS | | DEVI DAYAL ROAD | |
| **WEDNESDAY, 4th October 2023** | | | | |
| 10:00AM Onwards | DONATION OF 40 DESKS BENCHES | LL MRUDULA SHAH | DD UPADHAY, DUMPING ROAD, | 40 |
| | DONATION OF FANS, LIGHTS | LL DIPTI JOBANPUTRA | | |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | LL MRUDULA SHAH | | |
| 11:00AM Onwards | DONATION OF 20 DESK BENCHES | LL ALKA BHINDE | GHATIPADA SCHOOL, MULUND COLONY | 35 |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | | | |
| 12:00PM Onwards | DONATION OF PRINTER | LION PUSHPAL SANGHVI | HANUMANPADA MULUND COLONY | 50 |
| | DONATION OF CHARTS | LL REKHA JAJU | | |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | LL MONA SHAH | | |
| 1:00PM Onwards | DONATION OF DESK BENCHES | | | 120 |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | LL NEEPA LAKHANI | LB.S. SCHOOL, CHECK NAKA | |
| 2:00PM Onwards | DONATION OF COMPUTER FOR DIFFRENTLY ABLED KIDS | MANSI CHHEDA (LL ARJULI CHHEDA) | GAUSHALA SCHOOL | 40 |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | LL AARJULI CHHEDA | | |
| | DISTRIBUTION OF GAMES & COLRING BOOKS | MR.KRISH SHAH (LL JYOTSNA MAJETHIA) | | |
| | FEEDING STRAY DOGS | LL MAYA KOTHARI | | |
| | DISTRIBUTION OF LOLLYPOPS | LL MAYA KOTHARI | | |
| | DISTRIBUTION OF MEALS TO SLUM KIDS | LL BHAVNA KOTHARI | PANDURANG SCHOOL | |
| | | | AFX FOUNDATION | 250 |
| | CONSTRUCTION OF ROOM AND RENOVATION OF TOILET | LL SHAILAJA SHAH, LL NIKITA SHAH | TARABEN MODAK GARDEN | |
| | OPEN GYM | | | |
| **THURSDAY, 5th October 2023** | | | | |
| 12:00PM Onwards | DONATION OF SCHOOL BAGS | KRISH SHAH (LL JYOTSNA MAJETHIA) | SANJEEVANDEEP FOUNDATION | 60 |
| | SKIPPING ROPES | | | |
| | SNACKS | | | |
| | RENOVATION OF SCHOOL GROUND | LL SAROJ MONGIA | | |

| TIME | PROJECT DETAIL | DONOR | VENUE | BENEFICARY |
|---|---|---|---|---|
| 2:30PM Onwards | DONATION OF STATIONERY,BLACKBOARD, CRAFT MATERIAL | LL SHAILAJA SHAH | KANAMWR NAGAR SCHOOL, VIKHROLI | 41 |
| | DONATION OF WORKBOOKS | LL RAJUL CHHEDA | | |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | LL SHAILAJA SHAH | | |
| 3:30PM Onwards | CRAFT MATERIAL & NOTEBOOK | LL RASILA GOR | TAGORE NAGAR, GUJRATI SCHOOL | |
| | WORKBOOKS | LL RAJUL CHHEDA | | |
| | SLICE CAKES TO CHILDREN | | | |
| | EYE CHECKUP CAMP FOR KIDS | LLA | RAJIVGANDHI SCHOOL, BPS | |
| | STATIONARY FOR KIDS | LL MAYA KOTHARI | DEVIDAYAL ROAD | |
| 4:00PM Onwards | DONATION OF SPORTS ITEMS | Ms.GARGI SHAH (LL SHAILAJA SHAH) | SPR JAIN KANYASHALA, GHATKOPAR | |
| | FEEDING STRAY DOGS | LL MAYA KOTHARI | | |
| | DISTRIBUTION OF LOLLYPOPS | LL MAYA KOTHARI | | |
| | DISTRIBUTION OF MEALS TO | LL MEENA KOTHARI | PANDURANG SCHOOL | |
| | SLUM KIDS | LL BHAKTI SANGHAVI | AXF FOUNDATION | |
| 6:30PM Onwards | DONATION OF ONE CUPBOARD | | MAZGAON SCHOOL | |
| | MEALS FOR KIDS | LL AARJULI CHHEDA, LL VASANTI LODAYA | NIGTH SCHOOL, MULUND WEST | |
| | SCHOOL BAGS 40 | LL PARUL SAVLA | NIGHT SCHOOL | |
| | GEOMETRY BOX 40 | | | |
| 7:00PM Onwards | KHICHDI KADI MEAL | LLA | LOHANA MAHAJAN WADI | |
| **FRIDAY, 6th October 2023** | | | | |
| | ANNOUNCEMENT OF BOREWELL | LL ANURDHA GOYAL, | WADA | |
| | ANNOUNCEMENT OF BOREWELL | LL MAYA KOTAHRI & LL SHEEL ARORA. | WADA | |
| | RENOVATION OF BOREWELL | LL INDIRA SHARMA | WADA | |
| | CHAITNAYA VIDYALAY SCHOOL , CHILDRENS GARDEN | LL SHAILAJA SHAH, | SHAHAPUR | |
| | COMPUTER LAB | LL DINA GADA | WADA | 600 |
| | CHILDRENS GARDEN | AKRUTI SOHAM MAJETHIA, VIDHI HARSH MAJETHIA & HRIDAAN TUSHAR MAJETHIA (LL JYOTSNA MAJETHIA) | ADARSH HINDI PATHSHALA - WADA | |
| | PLUMBING AND CIVIL REPAIR WORK | | ADARSH HINDI PATHSHALA - WADA | |
| | LIGHTS FOR SCHOOL | LL JYOTSNA MAJETHIA | | 250 |
| | SCHOOL RENOVATION | LL DEEPTI JOBANPUTRA, RITA JAIN, ANJU ASHAR, JANAK KOTHARI, MANISHA DOSHI, CHARMI GALA & LLA | ADARSH HINDI PATHSHALA - WADA | |
| | DOG FEEDING | LL MAYA KOTHARI | DEVIDAYAL ROAD | |
| | MEAL FOR SLUM KIIDS | LL SUSHMA AGARWAL | PANDURANG SCHOOL, AXF FOUNDATION | 250 |
| | | STATIONARY LL MAYA KOTHARI | | |
| **SATURDAY, 7th October 2023** | | | | |
| 11:00AM Onwards | RAJVEETA LEARNING FOUNDATION - CP UNIT / SNACKS | LL HIRAN KOTHARI | MULUND COLONY | 20 |
| | SNACKS | | | |
| 3:00PM Onwards | WATER COOLER | ARYA AVANI GANESH IYER ( LL MAYA | TITWALA | 1 |
| | SNACKS BOX | LL RITA KATYAL | TITWALA | 1 |
| | TREE PLANATATION | LL MAYA KOTHARI | | PI |
| | ANNOUNCMENT OF CHECK DAM AT PENCH | LL SHEEL ARORA, LL GEETA BHINDE, SHEETAL THAKKER, ARJUN WADEKAR, VIRAY KACHWALA | NAGPUR | 1 |
| | SOLAR DETERANT - PENCH | LL SHEEL ARORA, LL MAYA KOTHARI , LL HELANA VIRANI LL SHAILAJA SHAH | NAGPUR | 1 |
| | DOG FEEDING | LL MAYA KOTHARI | DEVIDAYAL ROAD | |
| | MEAL | LL NEETA THAKKAR, LL SHAILAJA SHAH | PANDURANG SCHOOL, AXF FOUNDATION | 250 |
| **SUNDAY, 8th October 2023** | | | | |
| 10:00AM Onwards | CANCER SCREENING TEST ( MEMOGRAPHY & SONOGRAPHY BLOOD TEST, PEP TEST) | LLA, LOHANA MAHAJAN WADI & LL MEENA KOTHARI | LOHANA MAHAJAN WADI | 89 |
| 10:30AM Onwards | ADOPTION OF ONE STUDENT - GRADE 10TH - 11TH - 2 ANNUAL FEES | LL SUSHMA THAKKER | SEED FOUNDATION | 1 |
| 11:00AM Onwards | EYE CHECK CAMP | LLA | PANDURANG SCHOOL, NAVBHARAT SCHOOL | 300 |
| | DOG FEEDING | LL MAYA KOTHARI | DEVIDAYAL ROAD | |
| | MEAL | LL KIRAN CHHABARA | PANDURANG SCHOOL, NAVBHARAT SCHOOL | 100 |
| | DISTRIBUTION OF HYGIEN KIT | LLA | | 150 |
| | DISTRIBUTION OF 1200 PENS | LL MAYA KOTHARI | | |

## मुलुंड में मराठी-गुजराती भाषाई विवाद का मामला

# भाषाई विवाद पैदा करने वाले सोसायटियों पर हो कार्रवाई: सांसद मनोज कोटक

■ होम टाइम्स टीम

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर मराठी और गुजराती भाषाई विवाद की तस्वीर देखने को मिल रही है। यह विवाद मुलुंड में हुई एक कथित घटना से सामने आया है। मुलुंड विधायक मुलुंड में यदि इस तरह का विवाद हो रहा है तो दोषी सोसायटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ऐसा कहना मिहिर कोटेचा का है। सांसद और विधायक ने भी मांग की है कि रजिस्ट्रार कार्यालय को ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए।


तृप्ति देवरुखकर


निलेश तन्ना


प्रविण तन्ना

इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार मुलुंड पूर्व में रहने वाली महिला तृप्ति देवरुखकर मुलुंड के तांबे नगर इलाके की एक सोसायटी में ऑफिस लेना चाहती थी। इसके लिए तृप्ति उस जगह पर गई थी। हालाँकि, चूँकि वह एक मराठी भाषी थी, इसलिए सोसायटी के सचिव के साथ उसकी बहस हो गई। तृप्ति के आरोप के मुताबिक सोसायटी के सचिव ने कहा कि उक्त सोसायटी में मराठी भाषियों को कार्यालय देने की इजाजत नहीं है। इसी बीच जब तृप्ति इस बहस को अपने मोबाइल फोन में फिल्मा रही थी तो उक्त सोसायटी के सचिव के बेटे ने भी उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की, ऐसा आरोप तृप्ति ने लगाया है। इस घटना के बाद तृप्ति ने इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और ये पोस्ट वायरल हो गई। इस मामले को लेकर राजनीतिक माहौल भी काफी गरमा गया था। साथ ही मनसे भी इस विवाद में कूद पड़ी और ताम्बे नगर कार्यालय में संबंधित व्यक्ति से सवाल जवाब करने पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने भाषाई विवाद को लेकर दो लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया। इस पूरे मामले के बाद अब इस घटना ने राजनीतिक रंग लेना शुरू कर दिया है। इस मुद्दे के पीछे कोई और ही मौजूद है ऐसा उद्धव बालासाहेब ठाकरे के समूह ने आरोप लगाया है और उन्होंने यह भी कहा कि मराठी लोगों को तोड़ने के लिए शिवसेना को तोड़ा गया है, जबकि सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया कि इसमें भाजपा का हाथ था। इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी सांसद मनोज कोटक और विधायक मिहिर कोटेचा ने कहा कि घटना को राजनीतिक रंग देना गलत है। उक्त घटना के संबंध में हमने रजिस्ट्रार कार्यालय को सूचित कर दिया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए और यदि कोई भी सोसायटी इस तरह के भाषाई विवादों में शामिल होता है, तो हम उस सोसायटी के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से पत्र लिखेंगे। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने भी पीड़िता से मुलाकात की और कहा कि महाराष्ट्र महिला के साथ खड़ा है। कुल मिलाकर मराठी गुजराती विवाद के बाद अब इस पूरे मामले में राजनीतिक विवाद भी सुलगता नजर आ रहा है।




जसराज एंटिक ®

सरोज गड़ा (मुलुंड-पूर्व) (राईधनजर-गढ़शीशी)



स्पेशल फेस्टिवल ऑफर

10% से 40% तक की छूट

१ ग्राम सोने के आभूषणों में नए डिजाइनों का खजाना उपलब्ध है।

बेहतरीन और आकर्षक डिजाइन जो असली जेवरात को भी फीका कर दे
+कुंदन + नेकलेस सेट, पेंडेंट बूटी लॉन्ग सेट, चंदनहार, जवहार, जवपतला गोल्ड,
रहोडियम ब्रेसलेट, चेन और कई अन्य प्रकार के शानदार और आकर्षक जेवरात

पुराने और नवीन सभी ग्राहकों का स्वागत

नागरिकों का भरोसा मतलब जसराज एंटीक का स्पेशल ऑफर

फेस्टिवल ऑफर पर १० से ४० फ़ीसदी तक की छूट

CONTACT : GIRISH GADA - 9821376756 SAROJ GADA - 9821854370

Note: Before coming pl buzz on Cell.

# गणपति विसर्जन के दौरान मुलुंड में जमा हुआ १७ टन किलो निर्माल्य

## बीते वर्ष के मुकाबले ३ हजार किलो से अधिक बढ़ा निर्माल्य

■ होम टाइम्स टीम

धूमधाम से मनाए गए गणेश उत्सव के पर्व के बाद बीते वर्ष के मुकाबले मुंबई के निर्मल्या में जहा बड़ा इजाफा देखा गया है, तो वही दुसरी तरफ मुलुंड में बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष निर्माल्य की संख्या में इजाफा देखा गया है। इसके साथ ही इस वर्ष प्रतिबंधित प्लास्टिक का ग्राफ भी बढ़ गया है।

मुंबई सहित देश भर में २९ सितंबर को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ १० दिवसीय गणेश उत्सव के पर्व का समापन किया गया। इस वर्ष भारी तादाद में नागरिकों ने अपने घर बप्पा को विराजमान किया और सार्वजनिक पंडालों की गिनती में भी इजाफा देखा गया। इसी पर्व के दौरान नागरिक अलग-अलग वस्तुओं का इस्तेमाल कर बप्पा के मंडप को सजाते है। हालांकि बप्पा को अंतिम विदाई दिए जाने के बाद निर्माल्य केंद्र पर बने कलश में इन सभी फूल, हार, प्लास्टिक और अन्य सामग्री को डंप कर दिया जाता है। जिसके बाद उसे मुंबई महानगर पालिका के कर्मचारी इकट्ठा करके आगे की प्रक्रिया शुरू करते हैं। मुलुंड टी वार्ड द्वारा दिए गए आंकड़ों की बात की जाए तो इस वर्ष मुलुंड पूर्व और पश्चिम के ९ निर्माल्य केंद्र से कुल १७ हजार किलो निर्माल्य जमा किया गया है। जिनमें से २ टन यानी ४००० किलो केवल प्लास्टिक, थर्माकोल और अन्य सूखे कचरे का समावेश है। जमा किए गए इस निर्माल्य से अब खाद बनाया जाएगा। हालांकि इन निर्माल्य के कलश में से प्लास्टिक को हटाने के लिए टी वार्ड के साथ साथ अन्य वार्ड के कर्मचारियों को भी काफी मेहनत करनी पड़ी। इन निर्माल्य से बनाई गई खाद पौधों के लिए काफी लाभदायक होती है।

आपको बता दें कि वर्ष २०२२ में हुए गणेश उत्सव के दौरान १४ हजार किलो निर्माल्य जमा किया गया था। जिसमें से २ टन केवल प्लास्टिक बरामद किए गए थे। यह आंकड़े बताते हैं कि प्लास्टिक पर पूरी तरीके से पाबंदी होने के बावजूद आए दिन प्लास्टिक की बिक्री बढ़ने लगी है और धड़ल्ले से प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुंबई महानगर पालिका द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि धूमधाम से त्योहार मनाने के साथ-साथ नागरिकों को पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर भी ध्यान देना चाहिए और प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करते हुए इको फ्रेंडली तरीके से सजावट की जानी चाहिए।

# गणेश मंडलों ने किया नियमों का उल्लंघन, राजनीतिक दलों ने भी नियम तोड़े

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पश्चिम में इस वर्ष विसर्जन के दिन प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का उल्लंघन करने के मामले सामने आये है। प्रशासन ने बारह बजे तक विसर्जन जुलूस की अनुमति दी थी। बारह बजे के बाद, ऐसी अपेक्षा थी कि लोग अपनी गणेश प्रतिमा लेकर शांति से विसर्जन तालाबों की ओर बढ़े। लेकिन बारह के बाद भी मुलुंड के अलग-अलग इलाकों से खूब ढोल-नगाड़े और डीजे की आवाजें आ रही थीं। जिससे साफ़ जाहिर होता है कि मुलुंड में खुले आम प्रशासन द्वारा दिए गए नियमों को तोडा गया है ।

मुलुंड के पांच रास्ता से लेकर एलबीएस मार्ग और मुलुंड चेक नाका इलाके तक बड़ी संख्या में विसर्जन जुलूस शुरू थे। प्रशासन ने रात १२ बजे तक ढोल ताशे, डीजे बजाने की अनुमति दी थी। भले ही सरकार ने हर साल रात १० बजे की समय सीमा को छोड़कर इस साल रात १२ बजे तक संगीत वाद्ययंत्र बजाने की अनुमति दी थी , लेकिन फिर भी मुलुंडकरों के लिए यह समय कम पड़ गया था। रात १२:३० बजे के बाद भी मुलुंड में लाउड स्पीकर, पटाखों और ढोल नगाड़ों की आवाज सुनी जा सकती थी। आखिरकार जब नागरिकों द्वारा शिकायत की गई तो पुलिस ने ऐसे ढोल बजाने वाले मंडलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। इस पूरे जुलूस के दौरान राजनीतिक पार्टियां भी पीछे नहीं रहीं। रात १२ बजे के बाद भी एलबीएस रोड पर स्वागत मंच से बड़े-बड़े लाउड स्पीकर के जरिए गणेश भक्तों का स्वागत किया गया। इन सभी राजनीतिक दलों के मंच पर हर आने वाले मंडल और उनके बप्पा के स्वागत के लिए होड़ लगी रही। तो इस जगह पर ध्वनि के डेसीबल नियम का उल्लंघन हुआ। कुछ नागरिकों के विरोध के बाद ये सभी लाउडस्पीकर बंद कर दिए गए।

# एक बार फिर बढ़ी जीएमएलआर परियोजना की लागत

## मनपा खर्च करेगी १२०० करोड़ रुपए

■ होम टाइम्स टीम

कास्टिंग यार्ड के खर्च और जीएमएलआर परियोजना के अंतर्गत बनाए जाने वाले दो सुरंग के रखरखाव के चलते इस परियोजना की लागत में लगभग दुगना इजाफा देखा गया है। जहा पर मनपा की तरफ से ६ हजार करोड़ के बजाए १२ हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ५ वर्षों में इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य भी रखा गया है। हालांकि आने वाले दिनों में इसकी लागत और बढ़ने की उम्मीद भी जताई जा रही है।

मुंबई के पूर्वी और पश्चिमी उपनगर को जोड़ने के लिए गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड महत्वाकांक्षी परियोजना में से एक मानी जा रही है। परंतु इस परियोजना के बनने से पहले ही अब इसकी लागत में लगभग दुगना इजाफा देखा गया है। पहले यह परियोजना ६ हजार २७१ करोड़ में बनाया जाने वाला था, परंतु अब इसमें ६ हजार ६०२ करोड़ रुपए की लागत और लगने वाली है। जिसमें इस परियोजना अंतर्गत दो सुरंग बनाई जाएगी और १३२ करोड़ कास्टिंग यार्ड का किराया होगा। यह कास्टिंग यार्ड इस परियोजना से २५ किलोमीटर की दूरी पर बनाया जायेगा। जहां पर इस परियोजना का डेब्रिज रखा जायेगा। यह एक इको सेंसिटिव जोन में बनाया जाने वाला है। इसी के साथ साथ भांडुप स्थित मनपा के सबसे बड़ा जल शोधन संयंत्र होने के चलते इस परियोजना के कारण १,८०० किलोमीटर जलमार्ग को मोड़ दिया जायेगा। बता दे की ४.७ किलोमीटर कि यह सुरंग संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के नीचे से गुजरेगी और गोरेगांव से खिंडीपाडा तक यह सुरंग बनाई जाएगी। इसके पहले तकनीकी कारणों के चलते इस परियोजना को बनाने की टेंडर प्रक्रिया में और जगह न मिलने के चलते कास्टिंग यार्ड बनाने में भी देरी देखी गई थी। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि जल्द से जल्द इस परियोजना पर काम शुरू किया जाने वाला है और आने वाले पांच वर्षों के भीतर इस परियोजना को खत्म करने का लक्ष्य भी रखा गया है।

# मुंबई के दुकानदारों को २ महीने में लगाने होंगे मराठी नेम बोर्ड

## सुप्रीम कोर्ट ने लिया बड़ा फैसला

■ होम टाइम्स टीम

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की ओर से बड़ा फैसला लेते हुए २ महीने के भीतर मुंबई के सभी दुकानों के नाम को मराठी अक्षर में लिखे जाने की बात कही गई है। कोर्ट केस फैसले का दुकानदारों के साथ-साथ मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से भी स्वागत किया गया है।

त्योहारों के नजदीक आते ही अब दोबारा से दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के नाम मराठी में करने का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट की ओर से सोमवार को सुनवाई के दौरान दिवाली, दशहरा जैसे त्योहारी सीजन से पहले मराठी साइन बोर्ड लगाने की बात कही गई है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पिछले साल लागू नियम की संवैधानिक चुनौती पर विचार करने के लिए जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जवल भुइयां सहमत हो गए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक तरफ जहां दुकानदारों को २ महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है, तो वही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और ट्वीट करते हुए कहा है कि इस पर मनसे कार्यकर्ताओं की नजर रहेगी। इतना ही नहीं इस फैसले के पीछे मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए काम की भी सराहना मनसे प्रमुख राज ठाकरे की ओर से की गई है। दुकानदारों की ओर से भी इस फैसले का स्वागत किया गया है। मुलुंड की बात करें तो मुलुंड में अधिकतम दुकानों और संस्थानों पर नाम फलक मराठी में देखे गए हैं। अभी भी कई ऐसे दुकान है जहां पर इंग्लिश में नाम लिखा गया है उन्हें भी दुकानदारों की ओर से जल्द ही बदलने की बात कही गई है। आने वाले दिनों में यह मराठी नेम बोर्ड का मुद्दा क्या नया मोड़ लेता है यह देखना काफी दिलचस्प होगा। याद दिला दे कि कर्नाटक में भी इसी तरीके का नियम लागू किया गया है।

# घर से चुराए गए २ लाख से अधिक के सोने के जेवरात, नवघर पुलिस ने शुरू की जांच

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व स्थित नागराज सोसायटी में २ लाख रुपये से अधिक की चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसके बाद नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आरोपी की जाँच में जुटी है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मुलुंड पूर्व स्थित नागराज कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की रहिवासी है। कुछ दिनों पहले पीड़ित को अपने घर पर फर्नीचर का काम करना था। जिसके लिए शिकायतकर्ता की ओर से प्रदीप विश्वकर्मा को घर पर फर्नीचर का काम करने के लिए नियुक्त किया गया था। २१ सितंबर को अपने रिश्तेदार के घर सत्यनारायण की पूजा में जाने से पहले जब पीड़ित ने घर में रखे लोहे के तिजोरी का दरवाजा खोला, तो उसने देखा की तिजोरी में रखे हुए जेवरात गायब थे। जिसमें सोने की चैन, मंगलसूत्र, सोने का नेकलेस और सोने का शाही हार शामिल है। जिसकी कुल कीमत २ लाख ९ हजार ५७० रुपए बताई जा रही है।

इस घटना के सामने आने के बाद पीड़ित ने नवघर पुलिस स्टेशन में जा कर घटना की जानकारी दी और मामला दर्ज करवाया। नवघर पुलिस तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की जांच में जुट गई है।

# विसर्जन जुलूस में एक पर कैंची से वार, दोनों गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में गणेश विसर्जन के दौरान हुई हिंसा से मुलुंड में हड़कंप मच गया है। मुलुंड में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान धक्का लगने जैसे छोटी सी बात पर हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मुलुंड कॉलोनी इलाके की है।

मुलुंड के खिंडीपाड़ा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल का गणेश विसर्जन जुलूस अमर नगर इलाके में आया था। इस स्थान पर एकवीरा मित्र मंडल का संगीत मंडल इस मंडल में वाद्ययंत्र बजा रहा था। मंडल के विसर्जन जुलूस में डांस करते समय गणेश खंडारे नाम के युवक का धक्का एकवीरा मित्र मंडल के म्यूजिकल ग्रुप के अक्षय नाम के युवक को लगा। इसके बाद दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई। विवाद चल ही रहा था कि अक्षय और उसके दूसरे साथी दीपक ने मिलकर गणेश की पिटाई कर दी और पास में रखी कपड़े काटने वाली कैंची से उसके पेट में वार कर दिया। जिसमें गणेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया और दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से विसर्जन जुलूस में खलबली मच गई। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में ३३ वर्षीय रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

२३ वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में ३३ वर्षीय रेलवे कर्मचारी को नवघर पुलिस की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मामले के अधिक जांच की जा रही है।

नवघर पुलिस की ओर से ३३ वर्षीय रेलवे कर्मचारी को २३ वर्षीय महिला का कथित तौर पर पीछा करने और उससे छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम सागर सुरेंद्र जायसवाल बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित ने आरोपी के साथ जारी संबंध को आगे बढ़ाने से इनकार किया था। दोनों की मुलाकात वर्ष २०२१ में सेंट्रल रेलवे में अप्रेंटिस के दौरान माटुंगा रेलवे वर्कशॉप में हुई थी। जिसके बाद दोनो के बीच बातचीत शुरू हो गई। इसी बीच आरोपी ने अपने आप को अविवाहित बताया।

हालांकि जब पीड़ित ने इस संबंध को आगे बढ़ाने से मना कर दिया तब आरोपी उसे छेड़ने लगा। फिलहाल आरोपी को नवघर पुलिस की तरफ से आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच शुरू है।

# फर्जी पार्सल में ड्रग्स बता कर मुलुंड निवासी महिला से गई एक लाख से अधिक की ठगी

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड निवासी महिला को विदेश में ड्रग्स से भरा पार्सल भेजने के झूठे आरोप में फंसाकर एक जालसाज ने महिला से लाखों रुपये की ठगी करने का मामला उजागर हुआ है। जिसके बाद महिला ने जालसाज अर्णव के खिलाफ नवघर पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार मैथिली कापरे मुलुंड पूर्व स्थित गव्हाण पाड़ा की रहिवासी है। २० सितंबर को एक अज्ञात नंबर से पीड़ित को फोन आया। अर्णव सिन्हा नामक व्यक्ति ने पीड़ित महिला को बताया कि वह फेडेक्स कंपनी के कस्टमर केयर का अधिकारी है और पीड़ित ने मुंबई से ताइवान के लिए एक पार्सल भेजा था। हालांकि पार्सल में ड्रग्स होने के चलते पार्सल वापस आ गया है। तब पीड़ित ने अर्णव से कहा कि उसने इस तरीके का कोई भी पार्सल नहीं भेजा है। हालांकि शिकायतकर्ता के आधार कार्ड और ईमेल आईडी से इस पार्सल को भेजे जाने की बात अर्णव ने कहीं। तब शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है और वह संबंधित अधिकारी को इस बारे में जानकारी देना चाहती है। जिसके बाद अर्णव ने एक दूसरे नंबर पर कॉल ट्रांसफर किया और एक अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित को कहा कि वह क्राइम ब्रांच का अधिकारी है। इसके बाद पीड़ित महिला को ड्रग्स की तस्करी करने के साथ ही केंद्र की तमाम एजेंसी जैसे सीबीआई के फर्जी कागजात दिखाकर आईडेंटिटी थेफ्ट का झांसा दिया गया। इसके बाद पीड़ित को इस मामले को क्लोज करने के लिए ४५ हजार रुपए की मांग की गई। हालांकि पीड़ित ने डर के वजह से बिना कुछ सोचे समझे यह रकम का भुगतान कर दिया। इसके बाद दोबारा से पीड़ित से ७२ हजार रुपए की मांग की गई और पीड़ित ने वो पैसे भी भर दिए।

कुछ समय बाद अपने पति के साथ यह जानकारी साझा करने के बाद पीड़ित महिला को एहसास हुआ कि उसे ठगा गया है और उसने सीधे नवघर पुलिस स्टेशन में जा कर घटना की जानकारी दी। फिलहाल नवघर पुलिस ने आईटी एक्ट और आईपीसी की धारा ४२० के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

## Helpline

**सिटीजन रिपोर्टर**
**78956 78956**

**होम केबल**
**022 - 6614 6060**

**होम नेट**
**022 - 6621 1333**
**customerservice@homenet.net**

**होम टाइम्स**
**022 - 6614 6050**
**write2us@hometimes.in**

**विज्ञापन दें**
**होम टाइम्स और होम केबल**
**78957 78957**
**homecableads@gmail.com**

**उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें**

## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक







## 'सुजोक' स्वास्थ्य

डॉ. मोनिशा रावत

# ऑस्टियोपोरोसिस - मेनोपॉज के दौरान...

## बिना दवा के रोकथाम एवं ट्रीटमेंट, प्राकृतिक तरीके से -२

**डब्लयू एच ओ (WHO) की हाल ही में सामने आई रिपोर्ट के अनुसार ऑस्टियोपोरोसिस - विश्व की दूसरी सबसे प्रभावित करने वाली बीमारी है।**




मेनोपॉज चरण में महिलाओं के लिए ऑस्टियोपोरोसिस एक संभावित महत्वपूर्ण समस्या है शोध अध्ययनों से संकेत मिलते हैं कि मेनोपॉज में हड्डियों बनने की जगह तेजी से घटती जाती है जिससे ऑस्टियोपोरोसिस को खतरा बढ़ जाता है।

### ऑस्टियोपोरोसिस और मेनोपॉज

ऑस्टियोपोरोसिस को खोखली अथवा छिद्रपूर्ण हड्डियों की बीमारी भी कहा जाता है। जिसमें हड्डियों की मजबूती और घनत्व कम होता जाता है, जिससे हड्डियों का आसानी से टूटने का खतरा बढ़ जाता है या आसानी से टूट जाती है। महिलाओं में एस्ट्रोजन का स्तर, हड्डियों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। परन्तु मेनोपॉज के दौरान एस्ट्रोजन के स्तर में कमी आने से हड्डियां कमजोर होने लगती है जिससे वे छिद्रपूर्ण और कमजोर (खोखली) हो जाती है। मेनोपॉज के बाद, दो में से एक महिला, इस ऑस्टियो पोरोसिस से पीड़ित होती है और कई महिलाएं अपने जीवनकाल के दौरान हड्डियों के फ्रैक्चर होने की समस्या





से जुझती है।

### लक्षण

१. गर्दन या पीठ में दर्द
२. झुका हुआ आसन (पॉश्चर)
३. समय के साथ ऊंचाई (हाइट) में कमी
४. कमजोर और ब्रिटल नाखून
५. थोड़ी सी हलचल या गिरावट होने पर फ्रैक्चर होना
६. मसूड़ों की घटती रेखा

हमारे 'मोनिशाज मंत्रा' में हमने कई महिलाओं के मेनोपॉज के दौरान उनकी हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और उनके ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज, बिना किसी दवाई और बिना किसी साईड-इफेक्ट के निम्नलिखित तरीके से मदद की है।

१. नियमित रूप से धूप में चलना, ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने और इलाज करने का, सर्वोत्तम तरीकों में से एक महत्वपूर्ण तरीका है क्योंकि सूर्य का प्रकाश विटामिन 'डी' का प्राकृतिक स्त्रोत है जो शरीर की हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक कैल्शियम को अवशोषित (ग्रहण) करने में मदद करता है।

२. संतुलित पौष्टिक आहार लेना, जिसमें फल, हरी पत्तेदार सब्ज़ियाँ, नट्स, सीड्स और शब मिलेट्स को शामिल करना


३. नियमित योग- प्राणायाम और स्माईल मेडिटेशन का अभ्यास करना

### सुजोक थैरापी




अ) हाथ की सभी १० अंगुलियों पर सुजोक रिंग को २५-३० बार, दिन में दो बार ऊपर-नीचे घुमाएं (चित्र १ में दर्शाये अनुसार)

ब) रोजाना, हाथ पर किडनी से संबंधित पॉइंट को उंगलियां या डायग्नोस्टिक प्रोब द्वारा, चार बार एक मिनट के लिए मालिश करना (चित्र २ में दर्शाये अनुसार)





**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल**

१. ऑनलाइन-सुजोक Six Ki-1(लेवल -III) 11th to 23/10/2023
२. रेसिडेंशियल, मेरिडियेन सुजोक Ki (लेवल -II) 27th to 29/10/2023
LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.



**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक 'मोनिशाज मंत्रा' मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार 'सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी'. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल -** I, II, III & IV
Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019
NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19
Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR
Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS
Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times
An ISO Certified Centre at Mumbai
Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592




सुनिता देसाई

# राशिफल


Saturday, 30th Sept to 6th Oct 2023

२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॉंड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्शु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.


+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com




**मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** आप वित्त संबंधी निर्णय नहीं ले पाएंगे और अनेक विचारों के कारण भ्रमित रहेंगे। **सलाह:** १) ध्यान आपकी मदद करेगा। अपनी श्वास पर ध्यान केंद्रित करें। २) ज्यादा बात न करें और कुछ समय अकेले रहने की कोशिश करें। ३) अपने संतुलन पर ध्यान दें।





**कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** आप जिसके लिए प्रयास करेंगे वही आपको मिलेगा। कोई आपको गुमराह करने की कोशिश करेगा।
**सलाह:** १) उन लोगों पर भरोसा न करें जो बहुत मीठी बातें करते हैं। २) संतुष्टि आपको अधिक पाने में मदद करेगी। ३) अपने ज्ञान पर ध्यान दें।




**तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** आप अपना रास्ता बदलेंगे और नई चीज़ें और सफलता आसानी से पाएंगे।
**सलाह:** १) इस सप्ताह बाहर का खाना न खाएं। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी ताकत पर ध्यान दें।




**मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** आप कई मामलों में खुद को शक्तिशाली महसूस करेंगे और लोग आपका समर्थन करेंगे।
**सलाह:** १) अपने पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों को दान करें। २) गुलाबी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने लक्ष्य पर ध्यान दें।




**वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आप बहुत सकारात्मक सोचेंगे लेकिन कार्य करते समय आपकी ईर्ष्या आपको परेशान करेगी।
**सलाह:** १) अपने मानसिक अवरोधों से मुक्त होने का प्रयास करें। २) अपने आसपास के लोगों की निस्वार्थ भाव से मदद करें। ३) अपने आत्मसम्मान पर ध्यान दें।

**सिंह** (म, ट)
**भविष्यवाणी:** आपको लोगों और अपनी भावनाओं और ऊर्जा को नियंत्रित करने की शक्ति मिलेगी।
**सलाह:** १) नए लोगों से ज्यादा बात न करें। २) नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी भावनाओं पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** आपको कुछ रहस्यों के बारे में पता चलेगा और आप निर्णय लेने में सक्षम होंगे।
**सलाह:** १) किसी जरूरतमंद व्यक्ति को अनाज दान करें। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने गुस्से पर ध्यान दें।




**कुंभ (ग, स, श)**
**भविष्यवाणी:** आप कई बार भ्रमित होंगे, सफलता तो मिलेगी लेकिन कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ।
**सलाह:** १) कुछ भी नया करने से पहले दो बार सोचें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें।





**मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आपको अपने काम में संतुष्टि मिलेगी और आपके प्रयासों का परिणाम अच्छा होगा।
**सलाह:** १) अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। २) जिन लोगों से आप मिलते हैं उन्हें सांत्वना देने का प्रयास करें। ३) अपने बदलावों पर ध्यान दें।




**कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आप भ्रमित रहेंगे क्योंकि चीजें बहुत तेजी से बदलेंगी।
**सलाह:** १) जिन लोगों का आप सम्मान करते हैं उनकी आज्ञा मानें। २) बैंगनी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी भावनाओं पर ध्यान दें।




**धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह धन में कुछ सुधार होगा और आपका दृष्टिकोण आपकी मदद करेगा।
**सलाह:** १) नकारात्मक होने पर अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने काम पर ध्यान दें।




**मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** मानसिक शांति और संतुष्टि पाने का कोई बेहतर तरीका आपको मिलेगा।
**सलाह:** १) बहस से बचें और लोगों की राय समझने की कोशिश करें। २) गहरे नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने विश्वास पर ध्यान दें।

# मुलुंड पश्चिम में उजागर हुई हिट एंड रन की घटना, आरोपी फरार

■ होम टाइम्स टीम

ठाणे से अपने मोटर साइकिल पर गणपति देखने आए युवक को तेज रफ्तार कार चालक की ओर से जोरदार टक्कर मारने और घटनास्थल से फरार होने का मामला सामने आया है। इस घटना में पीड़ित का पैर फ्रैक्चर हो गया है। फिलहाल मुलुंड पुलिस अज्ञात कार चालक की तलाश में जुट गई है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार सेंथिल कुमार तेवर ठाणे का रहिवासी है। २४ सितंबर को पीड़ित अपने मोटर साइकिल एमएच ०४ एचडब्ल्यू ४७५० से मुलुंड में गणपति देखने आया था। रात साढ़े १० बजे पीड़ित जैसे ही मुलुंड पश्चिम जटा शंकर दोसा रोड पर पहुंच एक तेज रफ्तार कार ने पीड़ित के स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी और घटनास्थल से फरार हो गया। टक्कर इतनी भयानक थी कि पीड़ित बुरी तरीके से जख्मी हो गया। परिसर में मौजूद नागरिकों के सहारे पीड़ित को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए जाया गया। जहां पर पीड़ित को पता चला कि इस टक्कर में उसका पैर फ्रैक्चर हो गया है। जिसके बाद मुलुंड पुलिस स्टेशन को इसकी जानकारी दी गई और मुलुंड पुलिस स्टेशन की ओर से अज्ञात कार चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा २७९, ३३८ और मोटर वाहन अधिनियम १३४ (ए) १३४ (बी )और १८४ के तहत मामला दर्ज कर लिया है और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की तलाश जारी है।

# घर देने के नाम पर मुलुंड निवासी से की गई ६५ लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

एक निर्माणाधीन साइट में घर देने के नाम पर विक्रोली में रहने वाले महिला से ६५ लाख रुपए की ठगी करने का मामला नवघर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। फिलहाल नवघर पुलिस की ओर से दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ४९ वर्षीय वनिता कांबले विक्रोली पूर्व की रहिवासी है। वर्ष २०१३ में वनिता की पहचान राजेंद्र पध्ये और रेखा राजेंद्र पाध्ये से हुई थी। तब वनिता ने बताया कि उसे एक घर लेना है। इसी बीच अपने आप को दुर्गा डेवलपर्स के संचालक बताते हुए राजेंद्र और रेखा ने पीड़ित से मुलुंड पूर्व सिद्धिविनायक कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में निवेश करने को कहा। इन दोनों की बातों में जाकर पीड़ित ने इस सोसायटी में घर लेने का सोचा। इसके बाद वर्ष २०१३ से लेकर वर्ष २०१९ तक अलग-अलग किस्तों में शिकायतकर्ता की ओर से राजेंद्र और रेखा को पैसे दिए जा रहे थे। हालांकि इन पैसों के बदले पीड़ित को घर नहीं दिया गया। इस बारे में जब शिकायतकर्ता राजेंद्र और रेखा से चर्चा करती तब वे दोनों पीड़ित की बातों को अनदेखा कर देते थे। ६५ लाख रुपए देने के बाद जब शिकायतकर्ता को उसका घर नहीं मिला तब शिकायतकर्ता ने नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी थी। फिलहाल नवघर पुलिस ने आईपीसी की धारा ३४ और ४२० के तहत मामला दर्ज कर लिया है और राजेंद्र और रेखा से आगे की पूछताछ जारी है।

# एक नाबालिग लड़की के साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया

## एक गिरफ्तार दूसरा फरार

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में गैंगरेप का घिनौना मामला सामने आया है। १६ साल की एक लड़की के साथ कुछ नराधमों ने सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने चाकू दिखाकर और मां को जान से मारने की धमकी देकर इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। पीड़ित लड़की नाबालिग है। इस घटना से मुलुंड में हड़कंप मच गया है और इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तो वहीं पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा और POCSO एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। हाल ही में जोगेश्वरी में भी आठ साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न की घटना हुई थी। मुलुंड में हुई इस घटना के बाद मुलुंडकरों में गुस्से का माहौल देखने को मिल रहा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी है कि मुलुंड से एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम दूसरे आरोपी की तलाश में दूसरे राज्य में रवाना हो गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का नाम नीलेश पुवन हरिजन है और वांछित आरोपी नटराजन हरिजन है जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

CALL CENTER
**022 66211333**

E-MAIL ID
**customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER
**HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code**: To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

Home Net

# HOME NET

www.homenet.net

WOW! Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free 67 PE OFFER

DOUBLE MAZZA!!
uploads & downloads
at same speed, since 2010
now @ ₹194/-*

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME

- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER
powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO
NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH
ZERO INSTALLATION COST**
For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

## HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS
**INTRODUCTORY OFFER IN YOUR SOCIETY**
PLEASE COME TO US WITH A MINIMUM GROUP OF
**15 CONNECTIONS**

SYMMETRIC SPEED
SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store | GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**

**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply


Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**